**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 अक्तूबर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- **हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह बी.जे.पी विधायक दल के नेता चुने गए, कल पंचकूला में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।**
- **श्री नायब सिंह ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाक़ात कर हरियाणा में सरकार बनाने का दावा पेश किया।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की।**
- **हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह कहा कि शपथ ग्रहण से पहले कल 24 हज़ार युवाओं की भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा।**
- **केंद्र सरकार ने रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की।**
- **पराली जलाने के कारण वायु प्रदूषण से संबंधित सर्वोच्चं न्यायालय के आदेश का अनुपालन न होने पर न्यायालय ने हरियाणा व पंजाब सरकार के शीर्ष अधिकारीयों को तलब किया।**

*************************************************************************

हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह बी.जे.पी विधायक दल के नेता चुने गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री एंव पार्टी पर्यवेक्षक अमित शाह ने पंचकूला में पार्टी कार्यालय पंच कमल में विधायक दल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से केवल श्री नायब सिंह का नाम ही प्रस्तावित किया गया। वरिष्ठ विधायक अनिल विज और कृष्ण कुमार बेदी ने उनके नाम का प्रस्ताव किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नायब सिंह को विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी है। यह चुनाव श्री नायब सिंह को मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश कर लड़ा गया था और पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की।बैठक में केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, मनोहर लाल, बिप्लब कुमार देब , सतीश पूनिया, और बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली सहित पार्टी के तमाम नेता मौजूद रहे। श्री नायब सिंह कल दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

*************************************************************************

हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाक़ात कर हरियाणा में सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ० मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल,, धर्मेंद्र प्रधान, बी.जे.पी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि पंचकूला में कल होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, कई केंद्रीय मंत्री व एन.डी.ए घटक दल के राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की।एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के रूप में, उन्हें पहला सक्रिय सदस्य बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह एक आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर पार्टी को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। प्रधान मंत्री ने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए कार्यकर्ता को एक बूथ या एक विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के स्तर के लिए चुनाव लड़ सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि साथ ही आने वाले समय में उन्हें पार्टी के लिए काम करने के कई अवसर मिलेंगे।

************************************************************************

हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद कहा कि कल 24 हज़ार युवाओं की भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने वादे के अनुसार वे उसके बाद ही शपथ ग्रहण करेंगे। श्री नायब सिंह ने कहा:-

कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।उल्लेखनीय है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चयनित इन उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र देने के लिए चरित्र सत्यापन और मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जा रहा है।

************************************************************************

केंद्र सरकार ने आज विपणन सत्र 2025-26 के लिए रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्ये में वृद्धि की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राई तोरिया और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढोतरी की गई है। वहीं मसूर दाल में 275 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।उन्होंने ने बताया कि चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य् 210 रुपये प्रति क्विंटल और गेंहू का 150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। पंचकूला जिले में किसानों ने सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा -

पंचकूला के एक आढ़ती ओम प्रकाश सिंगला ने कहा -

श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्तें में तीन प्रतिशत की वृद्धि की भी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भत्ते में वृद्धि का लाभ 49 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और 64 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा।

************************************************************************

पराली जलाने के कारण वायु प्रदूषण से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश का अनुपालन न होने पर न्यायालयने हरियाणा और पंजाब राज्य सरकारों की आलोचना की है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने आज वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में नाकाम हरियाणा सरकार के अधिकारियों के

विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पीठ ने उल्लंघनकर्ताओं पर मुकदमा चलाने के लिए एक सप्ताह की समय सीमा तय की है। शीर्ष अदालत ने हरियाणा के मुख्य सचिव को 23 अक्तूबर को अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया है। पंजाब के मुख्य सचिव को भी इस दिन अदालत में उपस्थित रहने और आदेश का पालन न करने के बारे में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।

उन्हें यह बताने को भी कहा गया है कि अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाईक्यों नहीं की गई?

***********************************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों को बधाई दी है।महर्षि वाल्मीकि को महान ऋषि एवं कवि बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने अपने महान कार्यों के माध्यम से शांति और सदाचार जैसे मूल्य बताए, जो आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। राज्यपाल ने यह भी कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित पवित्र महाकाव्य रामायण आदर्श एवं सदाचारी जीवन, सार्वभौमिक मानवतावाद और मानव जाति की एकता का मार्ग प्रशस्त करता है।

***********************************************************************

हरियाणा में डेंगू पैर पसार रहा है। जींद जिले में डेंगू के 42 मामले सामने आए हैं। सिविल सर्जन डॉ गोपाल गोयल ने बताया कि डेंगू पर नियंत्रण के लिए जिला भर में टीमें गठित कर दी गई है जो घर-घर जाकर जांच कर रही है।